डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

शुक्रवार

09 फरवरी 2024

आपकी आवाज



रिटायर फौजी ने गोली मार कर ली खुदकुशी

2



# वरिष्ठ भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी से मिले सीएम नीतीश, दी बधाई

- नई दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मिले नीतीश कुमार, जदयू के सांसदों से भी की मुलाकात

**केटी न्यूज/नई दिल्ली**



सीएम नीतीश कुमार ने आज दिल्ली में भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी से मुलाकात की। देश के पूर्व उप-प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न मिलने की घोषणा के बाद उनके आवास पर जाकर सीएम ने उन्हें बधाई दी। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा, मेरा उनसे पुराना रिश्ता है। जब उन्हें भारत रत्न देने की घोषणा की गई तो मैंने उन्हें बधाई दी थी। आज उनसे मिलकर मुझे खुशी हुई।

आडवाणी से मुलाकात के पहले सीएम नीतीश कुमार ने दिल्ली में अपने सांसदों से मुलाकात किया। मालूम हो कि इससे पहले नीतीश कुमार ने बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। दोनों के बीच करीब बीस मिनट बात हुई। इसके बाद वे गृहमंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मिले। मुलाकात के बाद उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अब यहीं रहेंगे। बीच में दो बार जरूर इधर-उधर हुए, लेकिन अब कभी नहीं जाएंगे। हम 1995 से साथ में हैं। लोकसभा चुनाव के लिए सीट शेयरिंग उन्होंने कहा कि अभी इस बारे में बात करने का कोई मतलब नहीं है। बता दें कि, बिहार में नई सरकार बनने के बाद सीएम नीतीश की पीएम मोदी से ये पहली मुलाकात थी। इससे पहले पिछले साल सितंबर में जी-20 के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की डिनर पार्टी में दोनों नेताओं की मुलाकात हुई थी।

### नीतीश बोले... अब इधर-उधर नहीं जाने वाले

दो दिनों की दिल्ली यात्रा के बाद पटना लौटे नीतीश कुमार ने फिर उन्हीं बातों को दुहराया जो बुधवार को वे दिल्ली में कह रहे थे। नीतीश कुमार ने पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा-आप लोग चिंता मत कीजिये, सब ठीक है। हमारी सब लोगों से बात हो गयी है। अब हम कहीं और जाने वाले नहीं। नीतीश कुमार ने कहा कि हम दिल्ली जिस काम के लिए गये थे, वह सब काम हो गया है। प्रधानमंत्री से मुलाकात हो गयी, उनकी पार्टी के लोगों से भी बात हो गयी है। हम पहले जहां थे सब दिन अब वहीं रहेंगे। कुछ दिन के लिए इधर उधर हुए थे लेकिन अब फिर चले आये हैं। अब परमानेंट यहीं रहेंगे। सारे लोगों से बहुत अच्छी बात हुई है। आपलोग चिंता मत करिये।

## बिहार में राज्यसभा की छह सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**पटना।** बिहार से रिक्त हो रही राज्य सभा की छह सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया गुरुवार को शुरू हो गई। राजद के मनोज झा, अहमद अशफाक करीम, जदयू के अनिल प्रसाद हेगड़े और वशिष्ठ नारायण सिंह, बीजेपी के सुशील मोदी और कांग्रेस के अखिलेश सिंह का कार्यकाल पूरा हो रहा है। नामांकन की अंतिम तारीख 15 फरवरी है। 27 को चुनाव होगा और उसी दिन काउंटिंग भी होगी। विधायकों का आंकड़ा देखें तो एनडीए के पास सबसे ज्यादा विधायक हैं। इससे भाजपा को इस बार 2 सीटों पर जीत मिलनी तय है। वहीं जदयू को एक सीट का नुकसान होगा।

# जदयू विधायकों को खरीदने के लिए कुछ लोग भेज रहे ठेकेदार: श्रवण

### फ्लोर टेस्ट से पहले बड़ा खेला की तैयारी

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में पिछले महीने 28 जनवरी को बनी एनडीए गठबंधन की नई सरकार का आगामी 12 फरवरी को फ्लोर टेस्ट होना है और इसको लेकर पिछले कुछ दिनों से एक बात की चर्चा काफी तेज है की बिहार में कोई बड़ा खेला होगा? इसका दावा खुद राजद के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी कर चुके हैं और उनके विधायक की तरफ से भी यह बातें कही जा रही है। ऐसे में अब इन तमाम बातों को लेकर जदयू के तरफ से भी बड़ा खुलासा किया गया है। जदयू के विधायक और नीतीश कैबिनेट के मंत्री श्रवण कुमार ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा है कि - फ्लोर टेस्ट से पहले बड़ा खेल किया जा रहा है। कुछ लोग खरीद -फरोसत की भी तैयारी कर रहे हैं। लेकिन, उनको मालूम नहीं है की जदयू में सब एकजुट हैं और उनकी सारी बातें मेरे पास आ रही हैं। इसलिए उनका दाल नहीं गलने वाला है। श्रवण कुमार ने कहा कि - कुछ लोग हमारे विधायकों के पास ठेकेदार भेज रहे हैं और प्रलोभन दे रहे हैं। लेकिन, इसका उन्हें कोई फायदा होने वाला नहीं है। हमारे विधायक सभी मामले की जानकारी हम लोगों को दे रहे हैं।

## लोकसभा में केंद्रीय वित्त मंत्री ने जारी किया श्वेत पत्र, कहा-

# देश की आर्थिक नींव को कांग्रेस सरकार ने कमजोर कर दिया था

- एनडीए सरकार की ओर से जारी किए गए श्वेत पत्र में यूपीए सरकार में किए गए कई घोटालों का जिक्र
- इसमें मोदी सरकार के 10 साल और यूपीए सरकार के 10 के कार्यकाल की समीक्षा की गई है
- बताया गया कि यूपीए सरकार में बैंकिंग सेक्टर संकट में था

**एजेंसी/नई दिल्ली**

लोकसभा में एनडीए सरकार की ओर से केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने श्वेत पत्र जारी कर दिया है। जिसमें यूपीए सरकार के कई घोटालों का जिक्र है। इसके अलावा मोदी सरकार के 10 साल और यूपीए सरकार के 10 के कार्यकाल की समीक्षा की गई है। इस श्वेत पत्र में मोदी सरकार की ओर से यूपीए कार्यकाल में किए गए कई कथित घोटालों को उजागर किया गया है। वहीं, व्हाइट पेपर के विरोध में कांग्रेस 'ब्लेक पेपर' लाने की बात कर रही है। इस पर शुक्रवार दोपहर 12 बजे चर्चा होगी। वहीं, राज्यसभा में भी श्वेत पत्र पर शनिवार को चर्चा होनी है। इस 'श्वेत पत्र' में मोदी सरकार की ओर से कहा गया है कि 10 साल के कार्यकाल में यूपीए ने देश की इकोनॉमी को कैसे नॉन-परफॉर्मिंग बना दिया। इसमें बताया गया है कि कैसे अटल बिहारी वाजपेयी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार में एक मजबूत अर्थव्यवस्था की नींव रखी गई और उसे यूपीए ने अपने 10 साल के कार्यकाल में लगभग ध्वस्त कर दिया था।



### 2009-2014 के बीच बढ़ी महंगाई

श्वेत पत्र में कहा गया है कि एनडीए की रखी मजबूत अर्थव्यवस्था की नींव कैसे यूपीए के कार्यकाल में लगभग ध्वस्त हो गयी थी। इसमें रेखांकित किया गया है कि साल 2009 से लेकर 2014 के बीच महंगाई कैसे आसमान छुई।

### भ्रष्टाचार को बनाया बड़ा मुद्दा

यूपीए कार्यकाल के दौरान देश का विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड स्तर तक गिर गया था। ये गिरावट भी पिछली सरकार की कुरीतियों की वजह से बनी थी। एक बड़ा आरोप ये लगाया कि यूपीए ने ही अपनी गलत नीतियों से देश को कर्ज में डुबो दिया। उस कर्ज से बाहर निकलने के लिए भी कोई प्रयास नहीं किए गए। यूपीए के घोटाले का जिक्र करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि कोयला घोटाले ने देश की अंतरात्मा को झकझोर दिया। 2014 से पहले, कोयला ब्लॉकों का आवंटन पारदर्शी प्रक्रिया का पालन किए बिना मनमाने आधार पर किया गया था। इन कार्रवाइयों की जांच एजेंसियों द्वारा जांच की गई और 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने 1993 से आवंटित 204 कोयला खदानों/ब्लॉकों का आवंटन रद्द कर दिया।

### समझें... क्या होता है श्वेत पत्र

श्वेत पत्र एक तरह का रिपोर्ट कार्ड होता है, जिसके जरिए सरकार अपने कार्यकाल में किए गए सकारात्मक उपलब्धियों को बताती है। श्वेत पत्र में कई दस्तावेज शामिल होते हैं, जो अलग-अलग रंगों में होते हैं। इन्हीं के रंगों को देखकर दस्तावेजों के बारे में बताया जाता है। मोदी सरकार श्वेत पत्र िके जरिए अपने किए गए कामों की तुलना यूपीए सरकार के दस साल के कार्यकाल से कर रही है।

### केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने जारी किया ब्लैक पेपर

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ गुरुवार को 'ब्लैक पेपर' जारी किया। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ब्लैक पेपर जारी किया। पार्टी ने इसे '10 साल, अन्याय काल' नाम दिया है। उन्होंने सरकार और प्रधानमंत्री मोदी पर उनकी विफलतायें छिपाने का आरोप लगाया और कहा कि देश का सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी है, लेकिन मोदी सरकार उसकी कभी बात ही नहीं की। यहां तक कि जिस राज्य में बीजेपी का शासन नहीं है, वहां मनरेगा का पैसा भी नहीं देती और बाद में कहती है पैसा रिलीज किया गया लेकिन खर्च नही किया गया। सरकार हमेशा आजादी से पहले की बात करती रहती है, आज महंगाई कम करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे इस पर बात नहीं करती। कहा कि पिछले वादे तो पूरे किए नहीं गए और नई-नई गारंटियां दी जा रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी लोकतंत्र खत्म करने की कोशिश कर रही है। बीजेपी लोगों को डराकर अपने पक्ष में कर रही है।

## राजद कार्यकाल में किए गए कार्यों की होगी जांच

**पटना।** बिहार में एनडीए की सरकार बनने के बाद डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने राजद पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने घोषणा की है कि उनके कार्यकाल में जितने कार्य किए गए हैं। उन सभी की जांच होगी। एक-एक फाइल खोली जाएगी और जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और उन्हें जेल भेजा जाएगा। उन्होंने राजद और लालू प्रसाद को लेकर कहा जब से उनकी सरकार गई है। उनकी बोलती बंद हो गई है। खुद को गरीबों का नेता बतानेवाले लालू प्रसाद को यह बताना चाहिए कि डेढ़ साल की उम्र में तेजस्वी यादव अरबपति कैसे बन गए। सम्राट चौधरी ने कहा कि जो काम हमलोगों ने किया था, उसका क्रेडिट वह लोग लेना चाहते थे। उनको क्रेडिट दिया जा सकता है कि बिहार में अपराध और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का। जिसके कारण बिहार का विकास ठप हो गया।

## पटना में उर्मिला इंफोटेक के ठिकानों पर छापा

**पटना।** पटना में गुरुवार को उर्मिला इंफोटेक के मालिक अविनाश कुमार सिंह के ठिकानों पर आयकर विभाग की टीम ने दबिश डाली। राजधानी पटना में उनके खाजपुरा स्थित आवास और पाटलिपुत्र कॉलोनी स्थित टेक्नोलॉजी पार्क के कार्यालय में एक साथ छापेमारी की गयी है। जानकारी के अनुसार कंपनी बेल्ट्रॉन के माध्यम से डाटा एंट्री ऑपरेटर समेत अन्य कर्मियों को मुहैया कराती है। दिल्ली में भी इस कंपनी का दफ्तर है। कर चोरी से जुड़े मामले में इस कंपनी के कई ठिकानों पर छापेमारी हुई है।

# बालू, शराब व भू माफिया को समाप्त करना है, बिहार में नहीं चलेगा इनका राज: सम्राट

- बोले डिप्टी सीएम- बिहार में एक दिन बनेगी भाजपा सरकार
- मंडल-कमंडल दोनों को साथ लेकर चलती है बीजेपी

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार बीजेपी की ओर से गुरुवार को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में धन्यवाद, सम्मान, संकल्प समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर राज्य के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा है कि बिहार में एक दिन बीजेपी की सरकार बनेगी। आज हम लोग एनडीए में हैं और पूरी ईमानदारी से एनडीए सरकार चलाएंगे। पर, हमलोगों का जो संकल्प है, उसको भी आगे जारी रखेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा मंडल और कमंडल दोनों को साथ लेकर चलती है।

उन्होंने यह भी कहा कि बीजेपी और जेडीयू मिलकर बिहार की सभी 40 सीटें जीतेंगे। सम्राट चौधरी ने कहा कि हमलोगों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कह दिया है कि बिहार से बालू माफिया, शराब माफिया और भूमि माफिया को समाप्त करना है। बिहार में माफिया राज नहीं चलेगा। वहीं राज्य के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि हमलोगों को नया बिहार बनाना है। बिहार में बदलाव की जरूरत है। भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन और सामाजिक सद्भाव राज्य में स्थापित करना है। बिहार का अपना पुराना गौरव हमें वापस करना है।

### नीतीश से मिलकर पूरी ईमानदारी से सरकार चलाएंगे



सम्राट ने कहा कि इसमें कहीं कोई दो मत नहीं है लेकिन मैंने स्पष्ट तौर पर कहा है कि आज हम एनडीए में काम कर रहे हैं और पूरी ईमानदारी के साथ सरकार चलाएंगे लेकिन संकल्प स्पष्ट है कि एक दिन बिहार में बीजेपी की सरकार बनाएंगे। हम अपने संकल्प से कभी पीछे नहीं हटेंगे लेकिन जब तक हमारा गठबंधन है, हमलोग गठबंधन के साथ खड़े हैं। हमनें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से स्पष्ट तौर पर कहा है कि हमारा जो बिहार की जनता से तीन कमिटमेंट हैं उसे पूरा करना है। उन्होंने कहा कि बिहार में जो बालू, शराब और जमीन माफिया हैं उसे हर हाल में समाप्त करना है। बिहार में हमलोग माफिया राज किसी भी हाल में नहीं चलने देंगे। बिहार को विकसित राज्य बनाना हमारा लक्ष्य है। सम्राट ने कहा कि मेरी मां चली गई थी तब मुरेठा बांधा था, मुरेठे के संघर्ष में स्पष्ट संदेश है कि बीजेपी रूपी इस दूसरी मां को भी बिहार की सत्ता तक पहुंचाना है।




### इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण के कर्टेन रेजर कार्यक्रम को सीएम ने किया संबोधित

# हमने उत्तर प्रदेश को बीमारू मानसिकता से उबारा : योगी

- मुख्यमंत्री ने औद्योगिक आस्थानों और ओडीओपी सीएफसी की 13 परियोजनाओं का किया शुभारंभ
- बोले- युवा उद्यमी जो पहले निराश था, आज उसके चेहरे पर उत्साह दिखता है

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**



उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य बनाना एक राजनीतिक मानसिकता थी, जिसे खत्म करके हमने इसे देश की दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाया है। प्रदेश में परंपरागत कारीगर, शिल्पकार और युवा उद्यमी जो पहले निराश था आज उसके चेहरे पर उत्साह दिखता है। उत्तर प्रदेश की ओडीओपी योजना आज आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला बन चुकी है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लोकभवन में आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण के कर्टेन रेजर सेरेमनी के आयोजन के दौरान कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने औद्योगिक आस्थानों और ओडीओपी सीएफसी की 13 परियोजनाओं का शुभारंभ किया। साथ ही विभिन्न जनपदों के परंपरागत हस्तशिल्पियों और कारीगरों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि यूपी में बीते वर्ष ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन हुआ था, जिसकी सफलता ने नया कीर्तिमान स्थापित किया। इसने यूपी के पोटिंशियल को प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान किया। पहली बार 500 से अधिक विदेश बायर्स, 70 हजार से लोग उसमें सहभागी बने और 3 लाख लोगों का फुट फॉल हुआ। उन्होंने बताया कि फिर से 25 से 29 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण का आयोजन होगा। इसके जरिए एक बार फिर यूपी अपनी क्षमता का प्रदर्शन वैश्विक समाज के सामने करने जा रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि यूपी के हस्तशिल्पी, कारीगर और युवा उद्यमियों के पास क्षमता थी लेकिन उन्हें शासन के प्रोत्साहन और प्लेटफार्म की आवश्यकता थी। प्रदेश में हजारों साल से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग की अनेक इकाइयां मौजूद थीं, लेकिन लगातार सरकारी उपेक्षा और इंस्पेक्टर राज के कारण इसके उद्यमी त्रस्त और पलायन को मजबूर थे।

सीएम योगी ने कहा कि हमारा युवा उद्यमी जो पहले हतोत्साहित था वो आज उत्साहित है। आज उनके चेहरे पर चमक दिखती है। उन्हें विश्वास है कि उनका प्रोडक्ट वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार है। सीएम ने बताया कि 19 फरवरी को प्रधानमंत्री यूपी के चतुर्थ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर एक ही दिन में 10 लाख करोड़ की योजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी। इससे 33 लाख नौजवानों को सीधे सीधे नौकरी मिलेगी। ये उद्योग जहां भी लगेंगे वहां सड़क बनेगी, बिजली मिलेगी, पेयजल की व्यवस्था होगी। नये रोजगार सृजित होंगे। आवासीय सुविधाएं भी विकसित होंगी। यूपी में पहले ये सभी क्लस्टर समाप्त हो रहे थे। आज प्रदेश में पैकेजिंग संस्थान स्थापित हो रहे हैं।

### 13 परियोजनाओं का हुआ शुभारंभ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर एमएसएमई क्लस्टर पार्क योजना के तहत रायबरेली, मऊ, प्रतापगढ़ और महोबा में औद्योगिक अस्थानों का शिलान्यास, इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड एक्सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत गोमती नगर लखनऊ में ट्रेड प्रमोशन सेंटर का शिलान्यास, खाद्य एवं प्रसंस्करण के अंतर्गत कौशाम्बी में केला और गोंडा में दाल एवं मक्का में ओडीओपी सीएफसी परियोजनाओं का शिलान्यास, मिनी औद्योगिक अस्थान बिल्हौर कानपुर नगर, पचरावां रायबरेली और अयोध्या का उच्चीकरण, जिला उद्योग केंद्र कौशाम्बी, अमेठी और वाराणसी के नवीन भवनों का शिलान्यास किया। **श्रमसाधकों का हुआ सम्मान:** सीएम योगी ने अपने हुनर से अपना स्थान बनाने वाले श्रमसाधकों का भी सम्मान किया। इसमें विश्वकर्मा श्रम सम्मान के अंतर्गत बाराबंकी के राहुल (नाई), लखनऊ से निधि मल्होत्रा (दर्जी), सीतापुर के फिरोज अहमद (मोची) को सम्मानित किया गया। ओडीओपी प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजना के अंतर्गत रायबरेली के रंजीत कुमार (काष्ठ कार्य), लखनऊ की सरिता भारती (चिकनकारी), हरदोई की प्रतिभा यादव (वस्त्र उत्पाद) का सम्मान किया। यूपी माटी कला पुरस्कार के अंतर्गत गोरखपुर के कृष्ण कुमार प्रजापति (टेराकोटा), आजमगढ़ की पुष्पा प्रजापति (ब्लैक पॉटरी), सोनभद्र के धर्मु (मृदुभांड और नक्काशीदार फूलदान) का सम्मान किया। खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अंतर्गत राज्यस्तरीय ग्रामोद्योगीय पुरस्कार से लखनऊ की शबाना खातून, मेरठ के शीषपाल, अमरोहा के कृष्णपाल को सम्मानित किया।

# सुरक्षा कारणों से मंडल कारा का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, दिये कई निर्देश

♦ डीएम ने कारा में सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ बनाने हेतु पैदल गस्ती एवं सीसीटीवी कवरेज का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

सुरक्षा कारणों से मंडल कारा का जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने औचक निरीक्षण किया। सुरक्षा को लेकर कई बिंदुओं पर जानकारी ली गई है। ताकि मंडल कारा की सुरक्षा और कड़ी हो सके। निरीक्षण के दौरान डीएम ने पुरूष और महिला वार्डों की तालाशी ली गई। तलाशी में विशेष कुछ भी बरामद नहीं हुआ। निरीक्षण के दौरान कारा में संधारित विभिन्न पंजी, लेखा पंजी, भवन की स्थिति, सुरक्षा स्थिति, जलापूर्ति, बंदी कल्याण एवं प्रशिक्षण आदि का जायजा लिया गया। डीएम ने पंजीयों का संधारण हेतु आवश्यक निर्देश दिये। कोषागार पदाधिकारी, औरंगाबाद द्वारा बताया गया कि कैश बुक को अद्यतन किए जाने की आवश्यकता है एवं स्टॉक रजिस्टर में ओवरराइटिंग नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि डेड स्टाक पंजी संधारित नहीं है। इस पर जिला पदाधिकारी ने सभी पंजीयों को संधारित करने का निर्देश दिया। कारा अधीक्षक ने बताया गया कि जन शिक्षा निदेशालय से दो शिक्षक कारा में शिक्षण कार्यक्रम




चलने हेतु आते हैं।

कारा में एक पुस्तकालय भी है जिसका इस्तेमाल बंदी करते है। कारा में विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया जाता है जिसमें बंदी गण बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। एसडीओ विजयंत, एसडीपीओ मो. अमानुल्लाह खान एवं डीसीएलआर ने कारा शस्त्रागार एवं कारा में सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। अनुमंडल पदाधिकारी औरंगाबाद द्वारा शस्त्रागार भवन को मानक के अनुरूप नवीकृत करने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कारा में सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ बनाने हेतु पैदल गस्ती एवं सीसीटीवी कवरेज बढ़ाने का सुझाव दिया। उन्होंने कारा में फायर ऑडिट जल्द से जल्द कर लेने का भी निर्देश दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी औरंगाबाद में जेल के दीवारों के बीच में भी टावर वॉच बनाने का सुझाव दिया।जिला पदाधिकारी द्वारा कैदियों को दिए जा रहे पारिश्रमिक भुगतान का जायजा लिया गया। उनके द्वारा पारिश्रमिक भुगतान पंजी को संधारित करने का निर्देश कारा अधीक्षक को दिया गया। उन्होंने बोला कि जब कोई बंदी कारागृह से मुक्त होता है तो उसे पासबुक हस्तगत करते हुए पारिश्रमिक पंजी में उसका हस्ताक्षर जरूर ले लें। उनके द्वारा कैदियों को दी जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया गया। कारा में साफ सफाई एवं पानी निकासी संबंधित आवश्यक निर्देश दिए गए। उक्त कारा निरीक्षण में सदर अनुमंडल पदाधिकारी, सदर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी, सदर भूमि

## लोस चुनाव के मद्देनजर आर्म्स का होगा सत्यापन

**औरंगाबाद।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आर्म्स लाइसेंसधारियों का सत्यापन कार्य शुरू किया जाएगा जिसमें अगामी 27 फरवरी से 05 मार्च तक समय निर्धारित किया गया है। इस संबध में पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जिला अंतर्गत सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी अपने शस्त्रों एवं कारतूस का भौतिक सत्यापन (छोटे अग्नेयास्त्रों यथा पिस्टल व रिवाल्वर को छोडकर) स्थानीय थाना में संबंधित थानाध्यक्ष एवं प्रतिनियुक्त पदाधिकारी कि उपस्थिति में कराना सुनिश्चित करेंगे। वहीं छोटे अग्नेयास्त्रों (पिस्टल व रिवाल्वर) का सत्यापन जिला शस्त्र कार्यालय औरंगाबाद में जिला शस्त्र दण्डाधिकारी औरंगाबाद के द्वारा किया जाना हैं। समय-सीमा के अंतर्गत अपने शस्त्रों एवं कारतूस का सत्यापन नही कराये जाने की स्थिति में शस्त्र अनुज्ञप्ति निलंबित करते हुए रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी। इसलिए चुनाव को देखते हुए हर हाल में आर्म्स का भौतिक सत्यापन करना अनिवार्य किया गया है। यदि सत्यापन कराने में कोई लापरवाही करता है। तो लाइसेंस रद्द हो सकता है।

## खबरें फटाफट

### जनहित के कार्यों को पहुंचाया आमजनता तक

**औरंगाबाद।** राजद कार्यकर्ताओं ने हसपुरा प्रखंड के कई गावों बेला बरौनिया बीघा सलेमपुर बहादुर बीघा नारसन चांदी आदि गांवों का दौरा करते हुए महागठबंधन ने राजद द्वारा सत्रह महीने में जनहित में किए गए कार्यों की लोगो के बीच विस्तार पूर्वक जानकारी दी। किसान प्रकोष्ठ के जिला महासचिव लालबहादुर सिंह व युवा जिला प्रवक्ता मुन्ना कुमार यादव ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री डा, कांति सिंह और क्षेत्रीय राजद विधायक भीम कुमार सिंह के निदेर्शानुसार यह अभियान पूरे क्षेत्र में जोर शोर से चलाया जा रहा है तथा सत्रह महिना में जनहित कार्यों को गिनाते हुए जानकारी देकर लोगो को बताया जा रहा है।

### छापेमारी में देसी - विदेशी शराब जब्त

**औरंगाबाद।** चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त के विरुद्ध कार्रवाई के फलस्वरूप फेसर थाना की पुलिस ने देसी और विदेशी शराब बरामद किया है। जबकि करोबारी मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के पिरौटा गांव में छापेमारी की गई जिसके फलस्वरूप नौ लीटर देसी एवं करीब डेढ़ लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है।

परिजन बोले: लाइसेंसी पिस्टल का किया गया इस्तेमाल

# रिटायर फौजी ने गोली मार कर ली खुदकुशी

♦ इलाज के लिए आरा स्थित अस्पताल लाये जाने के दौरान फौजी ने तोड़ा दम
♦ एसपी बोले: घटना के कारणों और हथियार का किया जा रहा सत्यापन

**केटी न्यूज/आरा**



सहार थाना क्षेत्र के सेवथा गांव में गुरवार की शाम एक रिटायर आर्मी मैन ने गोली मार खुदकुशी कर ली। उन्होंने अपने लाइसेंसी पिस्टल से खुद सिर में गोली मार ली। इलाज के लिए आरा स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल लाये जाने पर डाक्टर द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मृत फौजी सेवथा गांव निवासी स्व.बिहारी सिंह के 55 वर्षीय पुत्र दिनेश सिंह थे। वह पिछले साल ही दानापुर स्थित बिहार बटालियन से रिटायर हुए थे। एसडीपीओ राहुल सिंह के अनुसार फौजी कुछ माह पहले एससी-एसटी एक्ट में जेल भी जा चुके हैं। हालांकि खुदकुशी करने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। उनके परिजनों का कहना है कि रिटायर होने के बाद वह मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे। मौत की सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा उनके शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस मामले की जांच और हथियार जब्त करने में जुटी है। फौजी के भतीजे संजय सिंह ने बताया कि उसके चाचा 2023 में रिटायर हुए थे। उसके बाद से वह मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे और चिड़चिड़ा हो गए थे। गुरुवार की शाम उनका बेटा भी घर पर नहीं था। इसी बीच उन्होंने लाइसेंसी पिस्टल से अपने सिर में खुद से गोली मार ली। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन फौरन घर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए शहर के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां डाक्टर विकास सिंह द्वारा उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया गया। उसके बाद वे लोग शव लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। संजय सिंह की ओर से उनके घर में किसी से विवाद होने से इनकार किया है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि घटना के कारणों का सत्यापन किया जा रहा है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि मृत रिटायर फौजी मानसिक रूप से परेशान रहते थे। वह शॉर्ट टेंपर्ड प्रकार के व्यक्ति थे। किसी से भी लड़ते-झगड़ते रहते थे।

# किसान ने धान की नई किस्म नारायण भोग किया विकसित



**केटी न्यूज/आरा**

आवश्यकता आविष्कार की जननी होती है। यह जरूरी नहीं कि किसी विश्वविद्यालय में ही अनुसंधान कर नई तकनीक को विकसित किया जा जा सके। इसका उदाहरण भोजपुर जिले के पीरो प्रखंड के भड़सर गांव निवासी लघु किसान जयनारायण चौधरी ने साबित कर दिया है। उन्होंने धान की नई किस्म नारायण भोग विकसित की है। नई किस्म के साथ वे गुरुवार को विवि पहुंचे। उन्होंने कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकार, नयी दिल्ली में रजिस्ट्रेशन करा रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया है। लघु किसान ने बताया कि उनके चाचा प्रो. चन्द्रशेखर चौधरी वनस्पति विज्ञान के विद्वान प्रोफेसर हैं। उनसे हमेशा प्रेरणा मिलती थी। तथा वह हमेशा कुछ नया करने के लिए सिखाते रहते थे। जिसका परिणाम आज दिखाई दे रहा है। बता दें कि चौधरी वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष और विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष रह चुके हैं और वर्तमान में प्रतिकुलपति प्रो सीएस चौधरी के भतीजा हैं। उनकी प्रेरणा से ही नई किस्म विकसित की है। इसकी अवधि 140 से 145 दिन की है। इस धान से बनने वाला चावल स्वाद और आकार में सभी चावल से उम्दा है। पीरो प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र के रहने वाले लघु किसान जयनारायण चौधरी को वर्ष 2019-20 में किसानश्री से भी सम्मानित किया गया था। उन्होंने बताया कि फिलवक्त वह करीब पांच एकड़ में धान की फसल की किस्म सोनम, सबौरश्री और नारायण भोग की खेती कर रहे हैं। उनके द्वारा विकसित नयी किस्म नारायण भोग की काफी मांग हो रही है। कृषि वैज्ञानिक डॉ पीके द्विवेदी व कृषि वैज्ञानिक डॉ अनिल कुमार यादव समेत अन्य लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## एक नजर

### स्कूल के अतिक्रमित जगह को कराया गया खाली



**जहानाबाद।** हुलासगंज अंचलाधिकारी के नेतृत्व में हुलासगंज अंचल के रुस्तमपुर गांव में आधा दर्जन लोगों के घरों पर बुलडोजर चला कर अतिक्रमण मुक्त कराया गया।रोस्तमपुर गांव के स्कूल के जमीन पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर कब्जा जमा लिया गया था।इस संबंध में मिले शिकायत के आधार पर कार्रवाई की बात सी ओ द्वारा बताई गई। उन्होंने बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा स्कूल के लिए जमीन दान स्वरूप दिया गया था। जमीन के कुछ हिस्से पर मिडिल स्कूल का भवन बन गया तथा संचालित भी है। सुदूरवर्ती गांव होने के कारण हाई स्कूल की भी स्वीकृति मिल गई है लेकिन खाली पड़े जमीन पर ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण कर घर बना लिया गया था। हालांकि खाली करने के लिए की बार लोगों को सूचित भी किया गया था। अंततः आज अंचलाधिकारी अरविंद कुमार चौधरी द्वारा बुल्डोजर चलवा कर स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराया।

### अवैध पत्थर लदा हाइवा जब्त

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध कार्रवाई के फलस्वरूप एक अवैध पत्थर लदा हाइवा जब्त किया गया। यह कार्रवाई सदर एसडीपीओ मो. अमानुल्लाह खान के नेतृत्व में कुटुंबा थाना क्षेत्र के एरका चेक पोस्ट के समीप की गई। संदर्भ मे अग्रतर कार्रवाई की जा रही हैं।

### अवैध खनन मामले में ट्रैक्टर एवं हाइवा जब्त

**औरंगाबाद।** अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई के फलस्वरूप के एक ट्रैक्टर एवं ट्रक को जब्त किया गया था। जबकि चालक मौके से भागने में सफल रहे। यह कार्रवाई दो अलग-अलग थानों की पुलिस द्वारा की गई जिसमें बड़ेम ओपी क्षेत्र से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया। संदर्भ में विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। वहीं रिसियप थाना से एक अवैध गिट्टी लदा ट्रक को जब्त किया गया। संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई की जा रही हैं।

### एक सप्ताह से एफडेबिट कार्य प्रभावित

**औरंगाबाद।** सिविल कोर्ट में कार्यपालक पदाधिकारीयों के तबादले से प्रतिदिन होनेवाले दर्जनों एफडेबिट कार्य फरवरी के शुरूवात से ही बंद हैं जिसके कारण प्रतिदिन सैकड़ों लोग एफडेबिट के लिए आते हैं और हताश व निराश लौट जाते हैं। आपको मालूम कि बहुत से एफडेबिट शीघ्र संबधित विभाग, स्कूल, कोलेज,बैंक, सार्वजनिक या निजी कंपनियों में जामा करने रहते हैं। सक्षमता परीक्षा में भी एफडेबिट देना है जिसके कारण काफी लोग परेशान हैं।जिला विधिज्ञ संघ के अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी के स्थानांतरण के बाद नए कार्यपालक पदाधिकारी की नियुक्ति न होने से एफडेबिट का कार्य प्रभावित हैं। ऐसे में जानकारी के अनुसार नये कार्यपालक पदाधिकारी सोमवार को आने की संभावना है।

### अपहृता बरामद, बयान को लेकर भेजा न्यायालय

**औरंगाबाद।** गोह पुलिस ने पिछले कई माह पूर्व क्षेत्र से हुए युवती की अपहरण के मामले में कार्रवाई करते हुए अपहरण कर ले गई युवती को बरामद किया है। साथ ही बयान को लेकर न्यायालय में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि कई माह पूर्व थानाक्षेत्र के एक युवती गया में रहकर पढ़ाई करती थी। इस दौरान गया के एक युवक ने उसे अपहरण करने का प्लान बनाया। जब युवती अपने घर आई तो गोह बाजार से उसे अपहरण कर लिया गया। मामले में युवती के पिता के बयान पर एफआईआर दर्ज की गई थी। जिसमें गया चाकन्द निवासी निरंजन कुमार को आरोपी बनाया गया था। गुप्त सूचना पर अपहृत युवती को गया से बरामद कर बयान को लेकर न्यायालय में भेज दिया गया है।

# मंडल डैम व उत्तर कोयल नहर सिंचाई परियोजना पर की चर्चा

♦ पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने मुख्यमंत्री कार्यालय रांची में नव नियुक्त मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से की शिष्टचार मुलाकात

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने मुख्यमंत्री कार्यालय रांची में नव नियुक्त मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की और पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दिया। उन्होंने बताया कि चंपाई सोरेन झारखंड आंदोलन से जुड़े एक बड़े नेता के साथ नेक दिल व सरल स्वभाव के इंसान हैं। जब मैं 1995 मे पहली बार देव विधानसभा से विधायक बना था। उस समय वे खरसावां सरायकेला विधानसभा से बिहार विधानसभा के सदस्य थे। इसके अलावा हम दोनों विधानसभा के



याचिका समिति के सदस्य भी रह चुके हैं। तब से हम दोनों के बीच मित्रवत संबंध चला आ रहा है। जब मैं उनसे मिला तो मुझे वही चिरपरिचित मित्रता वाला भाव दिखाई दिया। उनसे मिलकर उत्तर कोयल परियोजना के अधुरे कार्य, मंडल डैम में गेट लगाने एवं बटाने शीर्ष परियोजना के राइट एवं लेफ्ट कैनाल के सभी अधूरे कार्य को शीघ्र पूरा कराने पर विस्तार से चर्चा हुई। सुरेश पासवान ने बताया कि चर्चा के पश्चात उन्होंने संबंधित परियोजनाओं के अधतन स्थिति की जानकारी सिंचाई विभाग से मांगी है। उम्मीद है कि उपरोक्त दोनों योजनाओं पर झारखंड सरकार के द्वारा शीघ्र साकारात्मक कदम उठाए जाएंगे। ताकि उत्तर कोयल एवं बटाने नहर से झारखंड एवं बिहार के किसानों के खेतों तक पानी मिल सके। जिससे क्षेत्र का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। विकास किसी जाति, धर्म या क्षेत्र में नहीं बंटा होता है। बल्कि यह सभी के प्रयास से संभव है। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि मुलाकात काफी सकारात्मक है। साथ ही अन्य मुद्दों पर चर्चा करते हुए गति प्रदान की जाएगी।

# शादी का झांसा व गलत नीयत से अपहरण मामले में एक महिला समेत तीन दोषी

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

शादी का झांसा देकर गलत नियत से अपहरण मामले में एक महिला समेत तीन आरोपियों को दोषी करार दिया गया है। दोषी करार अभियुक्त में कासमा थाना क्षेत्र के लोहरा गांव निवासी रोहित कुमार, सोनु कुमार एवं चंदौली गांव निवासी मानमति देवी हैं। सिविल कोर्ट के एडीजे सह स्पेशल पॉक्सों कोर्ट ने कासमा थाना की एक कांड में निर्णय पर सुनवाई करते हुऐ अभियुक्तों को दोषी ठहराया है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि तीनों अभियुक्तों को आज भादंवि के विभिन्न धाराओं एवं पॉक्सों एक्ट में दोषी ठहराया गया है और सजा के बिंदु पर सुनवाई के तिथि 15.02.24 निर्धारित किया गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि अभियुक्त सोनू कुमार काराधीन है, जबकि रोहित कुमार एवं मानमति देवी को बंधपत्र विखंडित कर आज जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि मामले में पीड़िता के पिता ने बताया कि अभियुक्तों ने शादी का झांसा देकर गलत नियत से 8. सितंबर 2020 को कासमा बाजार से अपहरण कर लिया था जिसमें 13 सितंबर 2020 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी और आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई थी। सभी पक्ष सुनने के बाद अदालत ने यह फैसला सुनाया है।

# पद संभालते ही एक्शन में दिखे नए थानाध्यक्ष, लंबित कांडों का किया रिव्यू



**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

मुफस्सिल थाना के विभिन्न कंडों का नव नियुक्त थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर बबन बैठा ने रिव्यू किया। इस दौरान विभिन्न कांडों के अनुसंधानकर्ता से लंबित, अवशेष कंडों की समीक्षा की। वहीं इंस्पेक्टर ने केस से जुड़े संबंधित पुलिस अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने लंबित कांडो के नामजद अभियुक्त, फरार वारंटी, कुर्की जब्ती सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा पुलिस पब्लिक रिलेशन को बनाये रखने, नियमित रूप से संध्या एवं रात्रि गश्ती करने, अपराध पर नियंत्रण पाने के लिए वाहनों की नियमित चेकिंग करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने फरार चल रहे अभियुक्तों के शीघ्र गिरफ्तारी, क्षेत्र में सतत गश्त करने, अपराधियों के नये गिरोहों की शिनाख्त करने, गुंडा पंजी की समीक्षा, सार्वजनिक स्थलों व बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि हर रोज थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों पर वाहन जांच के लिए निर्देशित किए ग्रामीण क्षेत्रों में भी गस्ती बढ़ाने का निर्देशित किए।






# अनुमंडल अस्पताल में भ्रष्टाचार व दुर्व्यवहार मामले की डीएम से शिकायत

- डुमरांव विधायक ने सभी सरकारी अस्पतालों में आउट सोर्सिंग के तहत किए जा रहे लूट खसोट की जांच की मांग की
- अस्पताल में महिला कर्मियों से दुर्व्यवहार पर सख्त हैं विधायक


डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में सफाई के नाम पर 1 करोड़ 70 लाख का घोटाला

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल समेत सभी सरकारी अस्पतालों में सफाई के नाम पर आउट सोर्सिंग एजेंसियों द्वारा मचाए गए लूट, भ्रष्टाचार व महिला सफाईकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार पर डुमरांव विधायक डॉ. अजित कुमार सिंह काफी सख्त हो गए हैं। उन्होंने गुरूवार को डीएम सह जिला स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष अंशुल अग्रवाल को पत्र लिख इसकी उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। इस मामले को केशव टाइम्स ने अपने अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

डीएम को दिए आवेदन में विधायक ने बताया है कि वे पांच फरवरी को डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान महिला सफाईकर्मियों से भी उनकी समस्याओं को सुना। महिला सफाईकर्मियों ने बताया कि अस्पताल में कुल 22 सफाई कर्मियों को रखा गया है। जबकि जांच के दौरान 12 महिला सफाईकर्मी व 2 पुरूष सफाई कर्मी मौजूद थें। इनमें एक पुरूष सफाईकर्मी सुपरवाईजर है तो दूसरा माली है। जाहिर है सफाई से लेकर जेनरेटर चलाने तक का जिम्मा महिला सफाईकर्मियों के जिम्मे ही है। वही आठ सफाईकर्मी कहां है, इस संबंध में किसी ने जबाव नहीं दिया। जबकि निरीक्षण के दौरान उपाधीक्षक व अस्पताल प्रबंधक दोनों गायब थे। विधायक ने डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल के साथ ही जिला स्वास्थ्य समिति से संचालित जिले के सभी अस्पतालों में आउट सोर्सिंग के तहत कराए जा रहे कामों की जांच की मांग की है।

## सफाईकर्मियों ने सुपरवाइजर पर लगाया है दुर्व्यवहार का आरोप

डीएम को दिए आवेदन में विधायक ने बताया है कि निरीक्षण के दौरान महिला सफाईकर्मियों ने बताया कि सफाई सुपरवाईजर अक्सर उनके साथ दुर्व्यवहार करता है। विधायक ने इसे गंभीर मामला बताते हुए इसकी जांच कर दोषी पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने बताया है कि आउट सोर्सिंग एजेंसी ने बड़े पैमाने पर अनियमितता व भ्रष्टाचार किया है। जांच में इसकी पुष्टि हो जाएगी। विधायक के इस शिकायत के बाद अब देखना है कि जिला प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई कर रहा है।

**प्रबंधन की भूमिका पर उठाए सवाल:** डीएम से शिकायत के बाद डुमरांव विधायक डॉ. अजित कुमार सिंह ने केशव टाइम्स से बातचीत के दौरान अनियमितता व लूट खसोट में आउट सोर्सिंग एजेंसी के साथ ही अस्पताल प्रबंधन की भूमिका पर भी सवाल उठाए है। उन्होंने कहा कि बिना प्रबंधन की सहमति या संलिप्तता से सिर्फ एजेंसी ऐसा नहीं कर सकती है। उन्होंने बताया कि जांच में यह स्पष्ट हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वे इस मामले को बिहार विधान सभा में भी उठाएंगे। विधायक ने कहा कि आम जनता के पैसों का पूरा हिसाब देना होगा।

## एक नजर

### यूपी से शराब की खेप लेकर आ रही बोलेरो जब्त 432 लीटर शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**डुमरांव।** अनुमंडल की चक्की ओपी पुलिस ने एसपी मनीष कुमार के निर्देश पर छापेमारी व वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान भरियार बाजार के पास से शराब से लदी एक बोलेरों को पकड़ने में स्थानीय पुलिस ने सफलता पाई है। उक्त बोलेरों जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर डब्लूबी 06 जे 3896 से बंटी बबली ब्रांड की देशी 48 पेटी देशी शराब जिसका वजन 432 लीटर है, बरामद किया गया। वही पुलिस ने भाग रहे चालक सह तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान भरियार गावं निवासी हिरालाल तुरहा के पुत्र नारायण प्रसाद के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार एसपी मनीष कुमार ने सभी थानों को शराब तस्करी रोकने के लिए वाहन चेकिंग व छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया था। यूपी से सटे तटवर्ती इलाकों के थानों को विशेष चौकसी बरतने की नसीहत दी गई थी। इसी के मद्देनजर स्थानीय पुलिस भरियार बाजार में वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। जिस दौरान कोईलवर तटबंध की तरफ से बंगाल नंबर की एक बोलेरो वाहन आती दिखाई दी। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो उसका चालक वाहन से उतर भागने लगा। जिसे पुलिस टीम ने दौड़ाकर पकड़ लिया तथा वाहनन की तलाशी ली तो उसमें बंटी बबली ब्रांड का 48 पेटी देशी शराब बरामद हुआ। छापेमारी अभियान चलाने वाली टीम में चक्की ओपी थाना के अपर थानाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद समेत पुलिस बल व चौकीदार मौजूद थे। गुरूवार को डुमरांव डीएसपी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी। बता दें कि दियरांचल इलाके में गंगा के रास्ते शराब तस्करी का खेल लंबे समय से जारी है।

### दो दुकानों में चोरी से जला रहे थे बिजली, कंपनी ने लगाया 1.80 लाख का जुर्माना

**सिमरी।** सिमरी थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव में बिजली कंपनी की टीम ने विद्युत उर्जा चोरी होने की गुप्त सूचना पर सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान एक ही उपभोक्ता के दो अलग-अलग व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में मीटर बायपास कर बिजली चोरी किए जाने की पुष्टि हुई। जिसके बाद टीम ने उक्त उपभोक्ता के खिलाफ एक लाख 80 हजार 646 रूपए का जुमार्ना लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया है। छापेमारी का नेतृत्व कंपनी के ग्रामीण एसडीओ अर्जुन वर्मा व सिमरी जेई आलोक कुमार ने किया था, जबकि एफआईआर जेई के बयान पर दर्ज हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार बिजली कंपनी की टीम ने सिमरी निवासी अंजनी राय पिता रामनिवास राय के दो व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की थी। दोनों जगहों पर मीटर बायपास कर बिजली चोरी की जानकारी मिली। इस दौरान एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान पर एक लाख 33 हजार 597 रूपए जबकि दूसरे व्यवसायिक प्रतिष्ठान पर 47 हजार 49 रूपया समेत कुल एक लाख 80 हजार 646 रूपए का जुर्माना लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद उक्त उपभोक्ता की मुश्किलें बढ़ गई है।

### मैट्रिक के तीन परीक्षा केन्द्रों में हुआ बदलाव

**बक्सर।** मैट्रिक परीक्षा के लिए निर्धारित किए गए परीक्षा केन्द्रों में तीन में परिवर्तन किया गया है। परिवर्तित परीक्षा केन्द्रों में बक्सर के कैंब्रिज सीनियर सेकेंड्री स्कूल कतकौली, सरस्वती विद्या मंदिर अहिरौली एवं डुमरांव के डीएवी स्कूल नंदन डेरा परीक्षा केन्द्र शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय स्थित कतकौली में संचालित कैंब्रीज सीनियर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा केंद्र पर शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की परीक्षा हाई स्कूल जासो में ली जाएगी। वहीं सरस्वती विद्या मंदिर अहिरौली परीक्षा केंद्र के परीक्षार्थियों की परीक्षा उच्च माध्यमिक विद्यालय अहिरौली में तथा डीएवी डुमरांव परीक्षा केन्द्र के परीक्षार्थियों की परीक्षा मध्य विद्यालय पुराना भोजपुर में आयोजित की जाएगी। बता दें कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा 15 फरवरी से मैट्रिक की परीक्षा ली जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिले में कुल 28 परीक्षा केंद्र बनाये गये है। इन परीक्षा केन्द्रों में कुल 31 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है।

## खबरें फटाफट

### मामूली विवाद में चटकी लाठियां

डुमरांव। कोरानसराय थाना क्षेत्र के नाजिरगंज गांव में एक मामूली विवाद में दो पक्ष आपस में भींड़ गए। इस दौरान दोनों तरफ से जमकर लाठी, डंडे व ईंट पत्थर बरसाए गए। दोनों तरफ से करीब आधा दर्जन लोग जख्मी हुए है। इस मामले में एक पक्ष की धरमा देवी पति पूर्णमासी यादव ने दूसरे पक्ष के 21 लोगों पर घर में घुसकर जान मारने की नियत से हमला करने, कपड़ा फाड़ने तथा झुमका व नथिया छिनने का आरोप लगाया है तो दूसरे पक्ष की इंद्रावती देवी ने चार लोगों पर उनके तथा उनके पति के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया है।

### वाहन की चपेट में आकर अधेड़ जख्मी

डुमरांव। एनएच 120 के डुमरांव-बिक्रमगंज सड़क पर कोल्ड स्टोरेज के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक अधेड़ गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी पहचान औरंगाबाद निवासी राघवेंद्र मिश्र पिता रमाकांत मिश्र के रूप में हुई है। आशंका व्यक्त की गई है कि वह मानसिक रूप से विक्षिप्त है।

## ब्रह्मपुर के पीपराढ़ का रहनेवाला था युवक, छेरा नदी के किनारे मिला शव

# योगिया के ट्रिपल मर्डर केस में आरोपित युवक की संदेहास्पद परिस्थिति में मौत

- शरीर पर मिले जख्म के कई निशान हत्या या दुर्घटना जांच में जुटी पुलिस
- प्रोपर्टी डिलिंग का करता था काम, घर से बिहिया जाने को बोल निकला था

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**



गुरूवार की सुबह बगेन थाना क्षेत्र के पीपराढ़ गांव के एक युवक की संदेहास्पद परिस्थिति में मौत हो गई है। उसका शव गांव से बाहर छेरा नदी के किनारे पड़ा था। शरीर पर जख्म के निशान थे तथा उसकी पल्सर बाइक भी टूट गई थी। परिजनों को जैसे ही इसकी जानकारी मिली तो वे दौड़े भागे घटना स्थल पहुंचे तथा उसे उठाकर वहां से इलाज के लिए रघुनाथपुर सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान पीपराढ़ के स्व. अखिलानंद मिश्र के 45 वर्षीय पुत्र संतोष मिश्र के रूप में हुई है। करीब एक दशक पूर्व वह ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के योगियां गांव में हुए ट्रिपल मर्डर केस का नामजद आरोपित था। लेकिन जांच के दौरान उसे क्लीन चिट मिल गया था। हालांकि उसकी मौत हत्या है या दुर्घटना इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। एक तरफ परिजन हत्या का आरोप लगा रहे है। परिजनों का कहना है कि मृतक के बेरहमी से पीट पीटकर हत्या की गई है। परिजनों का कहना है कि उसका हाथ पैर टूट गया है तथा घुटने व शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोट के निशान मिले है। उसकी पल्सर बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक परिजनों ने इस संबंध में किसी तरह की शिकायत दर्ज नहीं कराई है। घटना को ले क्षेत्र में कई तरह की चचाएं हो रही है। बगेन थानाध्यक्ष अख्तर रब्बानी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना मिलते ही रघुनाथपुर सीएचसी पहुंच शव को कब्जे में ले पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा गया। उन्होंने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस संबंध में कुछ कहा जा सकता है।

जानकारी के अनुसार मृतक बिहिया में प्रोपर्टी डीलर का काम करता था। वह हर दिन अपने घर से बिहिया जाता था। गुरूवार की सुबह करीब आठ बजे वह बिहिया जाने के लिए ही अपनी बाइक से निकला था। करीब साढ़े नौ बजे परिजनों को सूचना मिली कि वह छेरा नदी के किनारे बेसुध पड़ा है। इस सूचना पर परिजन दौड़ेभागे वहां पहुंचे तथा उसे उठाकर इलाज के लिए रघुनाथपुर लाए। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से ही परिजनों में कोहराम मच गया है। उसके दोनों बड़े भाई अरूण मिश्र व प्रेम मिश्र के साथ पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि मृतक के 16 और 14 वर्ष के दो पुत्र भी है। पिता की मौत की जानकारी मिलने के बाद से ही दोनों बदहवास हैं।

## सड़क दुर्घटना में जख्मी महिला की इलाज के दौरान मौत

कृष्णाब्रह्म। कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के बड़का ढकाईच गांव के पास गुरुवार की शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से एक अधेड़ महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई।आनन फानन में उसे इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान स्थानीय गांव के हरिशंकर पासवान की 55 वर्षीय पत्नी कमली देवी के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुट गई है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन की पहचान नहीं हो सकी थी। थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उक्त महिला टमाटर तोड़ घर लौट रही थी, सड़क पार करने के दौरान किसी अज्ञात वाहन के चपेट में आ गई। घटना के बाद से परिवार में क्रंदन चीत्कार मच गया है।

**सड़क दुर्घटना में युवक की मौत दूसरा जख्मी:** कोरान सराय थाना क्षेत्र के अदफा गांव के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई है, जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। घटना गुरुवार देर शाम की है। मृतक की पहचान नावानगर थाना क्षेत्र के बड़की भरौली गांव निवासी कपिल राजभर के 27 वर्षीय पुत्र दीवान राजभर के रूप में हुई है, जबकि जख्मी युवक मनकी गांव के शोभनाथ कुमार का 25 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार है। हालांकि दुर्घटना कैसे हुई तथा दोनों कहां जा रहे थे इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। डायल 112 की टीम ने दोनों को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने दीवान के मौत की पुष्टि कर दी।

# पंडालों में नहीं बजेंगे अश्लील गाने, कृत्रिम तालाब में कराना होगा प्रतिमा का विसर्जन

- डुमरांव थाने में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक प्रशासन ने की अपील
- सभी पूजा समितियों को मूर्ति स्थापित करने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य

**केटी न्यूज/डुमरांव**



आगामी 14 फरवरी को विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजन संपन्न होगा, जिसके मद्देनजर स्थानीय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अनिशा राणा की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान बैठक में प्रतिनिधियों, गणमान्य लोगों सहित सरस्वती पूजा समिति के सदस्यों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित करायी। बैठक में पूजा समिति के सदस्यों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। शांति समिति की बैठक में बताया गया कि सभी पूजा समितियों को मूर्ति स्थापित करने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है। बिना लाइसेंस लिए पूजा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लाइसेंस के लिए समिति के सदस्य अपने-अपने थाना में आवेदन देकर लाइसेंस प्राप्त कर सकते है।

इसके अलावे यह भी बताया गया कि पूजा पंडालों मे और विसर्जन के दौरान डीजे पर अश्लील गीत बजाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शांति समिति द्वारा सद्भावपूर्ण माहौल में सरस्वती पूजा मनाने की अपील की गई। 14 फरवरी को बसंत पंचमी के पूजा अर्चना करने के बाद अपने नजदीक मे बनाए गए कृत्रिम तालाबों में मूर्तियों को विसर्जित करने का निर्देश दिया गया। विसर्जन के दौरान भी डीजे नहीं बजाना है। वही जबरन चंदा वसूली नहीं करने का निर्देश भी दिया गया। इस मौके पर अपर थानाध्यक्ष संजीत शर्मा, ददन सिंह, मदन चौबे, अमर पासवान, धीरज कुमार मिश्रा, महान तिवारी, सूरज कुमार, धनजी कुमार, धर्मेंद्र कुमार तिवारी, अमित कुमार, विजय कुमार, सर्वेश कुमार पांडेय, बिट्टू चौधरी, अभिषेक कुमार, चंद्रशेखर आजाद सहित अन्य उपस्थित थे।

# बक्सर में आज से शुरू हो जाएगा तनिष्क का शो रूम

**केटी न्यूज/बक्सर**

ट्रायल लांचिंग की अपार सफलता के बाद देश के मशहूर ज्वेलर्स टाटा तनिष्क का शो रूम शुक्रवार को बक्सर में शुरू हो रहा है। इसके भव्य उद्घाटन के साथ ही पहले तीन दिन खरीददारी करने वाले ग्राहकों को बतौर गिफ्ट सोने का सिक्का दिया जाएगा। यह शो रूम बक्सर के ज्योति प्रकाश चौक पर खुल रहा है। बता दें कि पिछले नवंबर महीने में बक्सर में तनिष्क शो रूम की ट्रायल लांचिंग हुई थी। वही इसकी अपार सफलता के बाद अब फुल फ्लेज में शो रूम का उद्घाटन हो रहा है। शादी विवाह व अन्य मौके पर ज्वेलरी खरीदने के लिए भरोसेमंद स्टोर टाटा तनिष्क का शो रूम खुलने से ज्वेलरी के शौकीनों की खुशी बढ़ गई है।




इस संबंध में स्टोर मैनेजर मृण्मय चटर्जी ने बताया कि बीते तीन महीने में ग्राहकों ने गोल्डन हार्वेस्ट प्लान (ज्वेलरी परचेज प्लान) पर भरोसा जताया है। वही काफी संख्या में ग्राहक पुराने आभूषणों की गुणवत्ता की जांच के लिए भी स्टोर पर आ रहे हैं। वही पुराने गहनों की सफाई एवं पॉलिशिंग फ्री ऑफ कॉस्ट का लोगों ने काफी फायदा उठाया। वहीं उन्होंने बताया की जिले के अलावा पड़ोसी जिला रोहतास और कैमूर के ग्राहकों यूपी के भी दर्जनों गांव के लोग हमारे स्टोर से गोल्डन हार्वेस्ट प्लान चला रहे हैं। उद्घाटन के पहले ही ग्राहक सोने के सिक्का का लाभ उठाने के लिए बड़ी संख्या में बुकिंग करवाए है।




## प्रतापसागर में स्थित मेथोडिस्ट हॉस्पिटल में जल्द बहाल होगी इमरजेंसी सेवा

# आधुनिक तकनीक से लैस होगा मेथोडिस्ट हॉस्पिटल: बिशप

**केटी न्यूज/डुमरांव**



बक्सर-आरा फोरलेन स्थित प्रतापसागर मेथोडिस्ट हॉस्पिटल को आधुनिक तकनीक से लैस किया जायेगा। इस हॉस्पिटल में काफी दूरी तय कर यूपी और बिहार के मरीज पहुंचते हैं, जिनको सुविधा के साथ सेवा प्रदान करना पहली प्राथमिकता है। उक्त बातें मेथोडिस्ट संस्था के बिशप डॉ सुबोध सी मंडल ने अपने संबोधन में कहीं। उन्होंने कहा कि यह मेडिकल हॉस्पिटल पुराने हॉस्पिटलों में शुमार है। इसकी नई रूपरेखा तैयार कर आधुनिक संसाधनों से बढ़ाया जायेगा। साथ ही इमरजेंसी सेवा की सुविधा को लेकर संस्था प्रयासरत है। बिशप ने कहा कि प्रसुति महिलाओं के साथ मां-शिशु का इमरजेंसी इलाज भी करने के लिए यह संस्था संकल्पित है। इसको लेकर संस्था के एक प्रतिनिधिमंडल सूबे के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर सहयोग लेगा। यह संस्था मानव कल्याण के उद्देश्य के लिए संचालित होता है। ईश्वर की कृपा और मानवता की सेवा के लिए इस संस्था को आधुनिकीकरण करने की रूपरेखा बनायी जायेगा। मेथोडिस्ट हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ आर के सिंह और समाजसेवियों ने आगत अतिथियों को पगड़ी के साथ अंग वस्त्र व पुष्प माला देकर सम्मान किया। उपस्थित समाजसेवियों ने इस संस्था की सुविधा बढ़ाने को लेकर श्री बिशप से निवेदन किया और लोगों की सेवा में अग्रहणी भूमिका निभाने वाले डॉक्टरों की प्रशंसा की। मंचासीन अतिथियों में डॉ मनोज जी सिंह वाइस चेयरमैन, डॉ आशिह मैक्सटन डीएस लखनऊ, नरेश पी सिंह व श्री अभिजीत मसीह मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभु यीशु मसीह की प्रार्थना के साथ शुरू हुआ। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ आर के सिंह ने किया। मौके पर जिला पार्षद के पूर्व अध्यक्ष राज रौशन सिंह, भाजपा नेता कतवारू सिंह, डॉ रमेश सिंह, अलबेला राय, हरेंद्र सिंह, संतोष राय, माघा सिंह, तारा बाबू सिंह, विकास राय, संतोष राय, अजय राय, इफ्तिखार अहमद, रामवकील राय, राजू राय सहित अन्य मौजूद थे।



# जनप्रतिनिधियों व कर्मियों को आपदा से बचने के दिए गए प्रशिक्षण

♦ आपदा प्रशिक्षण जागरूकता कार्यक्रम को जिलाधिकारी ने किया संबोधित

**केटी न्यूज/बलिया**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, बलिया के द्वारा आपदा प्रबंधन जन जागरुकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गंगा बहुउद्देशीय सभागार कलेक्ट्रेट, बलिया में किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने देवी सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। जिलाधिकारी की उपस्थिति में आपदा से बचाव संबंधित वीडियो क्लिप प्रदर्शित किया गया। रीवा कंपनी के सीएसआर फंड से जनपद के 50 आपदा मित्र वॉलिंटियर्स को सोलर पैनल और टैबलेट दिया जाना था, जिसमें से मौके पर 20 लोगों को यह उपहार दिया गया। इस कार्यक्रम में मास्टरट्रेनरों के माध्यम से ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं सचिवों, राजस्व कानूनगो एवं लेखपालों को आपदा से बचाव हेतु विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिये जाएंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि शासन स्तर से लोगों में जागरूकता के लिए यह आदेश जारी किया गया है। कहा कि विभिन्न मौसम में विभिन्न प्रकार की दैवीय आपदा संबंधी समस्याएं आती हैं, जैसे गर्मी में लू एवं हिट वेब, बरसात के दिनों में बिजली गिरना बाढ़ की समस्या व ओलावृष्टि ,ठंड के दिनों में पाला, कोहरा तथा समय-समय पर भूकंप के झटके भी आते हैं। इन्हीं सब संकट भरी परिस्थितियों में बचाव हेतु सभी ग्राम स्तर के कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों को जागरूकता संबंधी यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कहा कि आप लोग ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के बीच जाकर कार्यशाला आयोजित करेंगे और ऑडियो एवं वीडियो क्लिपिंग, आपदा से बचाव संबंधित पोस्टर,राइटिंग पैड, आपदा मैन्युअल पुस्तक सहित अन्य उपकरणों के माध्यम से आपदा से बचाव संबंधी जानकारी मुहैया कराएंगे,इसीलिए प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को आईईसी मैटेरियल उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि इस जन जागरूकता से लोगों की सोच में जरूर बदलाव आएगा और वे लोग दैवीय आपदा के समय अपना महत्तम बचाव कर सकेंगे। इसके साथ यह भी बताया कि विशेष परिस्थिति में खुद को बचाते हुए अपने आसपास के लोगों को भी बचाने का प्रयास करना है। ताकि अधिक से अधिक लोगों की जान बचायी जा सके। इसका मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को प्रशिक्षित करने का है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह एवं जिला पंचायती राज अधिकारी श्रवण कुमार सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।



## एक नजर

### पैसेंजर ट्रेन से कटने से महिला की मौत

**चंदौली।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर बुधवार की रात आठ बजे चलती ट्रेन पर चढ़ते समय पैर फिसलने से महिला ट्रेन के नीचे चली गई। ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही महिला की मौत हो गई। राजकीय रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई। गाजीपुर जिले के दिलदानगर निवासी सुखारी राम अपनी पत्नी कलावती देवी के साथ दिलदानगर गये थे। प्लेटफार्म संख्या दो पर खड़ी डीडीयू बक्सर पैंसेजर पकड़ने के लिए जैसे ही पहुंचे ट्रेन रवाना हो गई। इस दौरान सुखरी अपनी पत्नी को चलती ट्रेन में सवार कराने लगा। तभी महिला का पैर फिसलने से बोगी के हैंडिल से हाथ छूट जाने पर महिला बोगी की नीचे गिर गई। जिससे महिला की घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना के बाद स्टेशन पर प्रतिक्षारत यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। वहीं यात्रियों के शोर मचाने पर जीआरपी ने पहुंचकर शव को रेल पटरी से हटाकर अपने कब्जे में लेकर अगली कार्रवाई में जुट गई।

### चोरी करने के आरोप में पांच आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** चोरी करने के आरोप में मिड्ढा गांव से गिरफ्तार पांच आरोपियों को फेफना थाने की पुलिस ने गुरुवार की दोपहर संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया। आरोपियों का नाम आशीष वर्मा पुत्र अवधेश वर्मा निवासी दुमदुमा। रामबाबू यादव पुत्र महावीर यादव निवासी दुमदुमा। सकोला निवासी निधरिया। जावेद निवासी निधरिया व दीपक पुत्र विरेन्द्र निवासी निधरिया है। आरोपियों के पास से दो समरसेबुल, दो मॉनिटर, दो सीपीयू, एक अदद यूपीएस, एक अदद स्टेबलाइजर, एक अदद स्टार्टर, एक बोर्ड, चार पंखा, 15 पंखा ब्लेड, एक तमंचा 315 बोर, दो जिन्दा कारतूस 315 बोर व दो चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने पांचों आरोपियों को बुधवार की शाम मिड्ढा गांव से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने पांचों आरोपियों को संबंधित धाराओं में न्यायालय में चालान कर दिया।

### दंगा फसाद करने के पांच आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** गड़वार थाने की पुलिस ने मारपीट व दंगा फसाद करने के पांच आरोपियों को गुरुवार की दोपहर बलेसरा गांव से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया। आरोपियों का नाम विसर्जन राम पुत्र राम बिहारी राम, मनोज कुमार पुत्र देवमुनीराम, सूर्य प्रकाश पुत्र गंगाधारी, अनिल पुत्र भृगुनाथ व दिलीप पुत्र भृगुनाथ है। सभी आरोपीगण बलेसरा गांव के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार पांचों आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहे थे। इसबीच मुखबिर की सूचना पर पांचों आरोपियों को गुरुवार की दोपहर बलेसरा गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। पांचों आरोपियों को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया गया।

### बलात्कार के आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**गड़वार।** बलात्कार व पॉक्सो एक्ट के आरोपी को गड़वार थाने की पुलिस ने गुरुवार की सुबह झिंगुरी चट्टी से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया। वहीं अपहृता को सकुशल बरामद कर ली गई। गिरफ्तार आरोपी का नाम अंजय चौहान है। आरोपी अंजय चौहान सरवारकरघट्टी का रहने वाला है। आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना मिली कि आरोपी अपहृता के साथ झिंगुरी चट्टी के पास खड़े हैं। तभी पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही अपहृता को बरामद कर ली। आरोपी को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया गया।

### अपराधियों के खिलाफ करें कठोर कार्रवाई : एसपी



**गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में गुरुवार को सभी थानों के थानाध्यक्षों के साथ अपराध गोष्ठी की। बैठक में एसपी द्वारा विभिन्न अपराधों में की गई कार्रवाईयों, जनपद के टॉप -टेन अपराधी, गुंडा तथा माफियाओं के खिलाफ की गई कार्रवाई के बारे में समीक्षा की गई। उन्होंने अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के लिए सभी को अफसरों को निर्देशित किया। कहा कि गैर जनपद से लगने वाले बार्डर के थानों के अफसर अवैध गतिविधि को रोके और अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें। ग्रामीण नगरी तथा शहरी क्षेत्र में चौराहो तथा व्यस्त और खाली, सुनसान जगह पर गाड़ी खड़ी करके थोड़ा समय रुक कर निरीक्षण करते रहें। अपराध गोष्ठी में एसपी सिटी ज्ञानेंद्र, एसपी देहात के साथ सभी सर्किलों के क्षेत्राधिकारी, अभियोजन कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा सभी थानों के थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

## खबरें फटाफट

### एक ही रात दो जगहों से दो भैंस चोरी

**मऊ।** चिरैयाकोट थाना क्षेत्र के दो जगहों से बुधवार की रात को लगभग डेढ़ लाख रुपए कीमत की दो भैंस को अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसा एवं मनजीत में बुधवार की रात को दो भैंस चुरा ली गयी। जिनकी कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपए बतायी जा रही है। उनमें से एक भैंस शिवचरन यादव पुत्र बलिराम यादव ग्राम सिरसा की थी। जो उनके घर में बाधे गये तीन पशुओं में से सिर्फ भैंस को ही अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। वहीं ग्राम मनजीत के निवासी विनोद यादव पुत्र रामवृक्ष यादव की भैंस भी घर में बांधी हुई थी। जिसे अज्ञात चोरों ने रात के समय ही उठा लिया। जो लगभग 50 हजार रुपए की थी।दोनों भैंस मालिकों ने बताया कि सुबह जागने के बाद पता चला कि भैंस कमरे में नहीं है। जिन्हें आसपास काफी देर तक खोजा गया। परन्तु उनका कहीं नहीं पता चला। एक ही रात दो जगहों से भैंस चोरी की घटना से पशुपालकों में भय व्याप्त है।

### लोकसेवक से लूट के आरोपियों को जमानत

**चंदौली।** लोक सेवक से लूट करने का प्रयत्न करने, आपराधिक बल प्रयोग एवं गाली-गलौज के अभियोग में जेल में बंद अभियुक्तों के मामले की सुनवाई गुरुवार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में हुई। उक्त मामले में अधिवक्ताओं के तथ्यों एवं तर्क को सुनने के साथ ही साक्ष्यों के अवलोकन के बाद मामले में निरुद्ध चल रहे आरोपी राजेश सिंह व संतोष सिह की जमानत को स्वीकार लिया। न्यायालय ने दो अभियुक्तों को 25-25 हजार रुपये के व्यक्तिगत बंधपत्र एवं समुल्य राशि की दो-दो प्रतिभू पर जमानत पर रिहा करने का आदेश जारी किया है। उक्त मामले में बचाव पक्ष की ओर से डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन के महामंत्री अधिवक्ता झन्मेजय सिंह ने तथ्य एवं तर्क प्रस्तुत किया। विदित हो कि बीते दिनों चंदौली कोतवाली पुलिस ने जनपद के लटांव गांव निवासी राजेश सिंह एवं संतोष सिंह के खिलाफ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उक्त मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार मिश्र की अदालत में जमानत प्रार्थना-पत्र पर सुनवाई हुई। इस दौरान बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता झन्मेजय सिंह न्यायालय के समक्ष तथ्य एवं तर्क प्रस्तुत किया।

### मांगों को लेकर समाजसेवी ने दिया धरना

**गाजीपुर।** पृथ्वी राज चौहान शब्दभेदी सेना के अध्यक्ष नवीन चौहान जनहित की विभिन्न मांगों को लेकर चकफरीद गांव स्थित अपने आवास पर धरने पर बैठे थे। गुरुवार को पुलिस की मौजूदगी में अचानक स्वयं के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की। पुलिस ने बचाया और कार्रवाई कर धारा 151 के तहत जेल भेज दिया। घटना के बाद उप जिलाधिकारी जखनियां कमलेश सिंह , तहसीलदार जखनियां, नायब तहसीलदार विवेकानंद सिंह, सीओ भुडकुडा बलराम तथा बहरियाबाद थाना सहित शादियाबाद, भुड़कुड़ा व सादात पुलिस पहुंची। नवीन चौहान अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनशन पर थे।

**भीटी ओवरब्रिज के आगे मऊ सेल्फी प्वाइंट के पास हुई घटना**

# पिकअप ने बाइक सवार को रौंदा, दो की मौत

♦ बाइक सवार एक वैवाहिक समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे अपने घर

**केटी न्यूज/मऊ**

शहर कोतवाली क्षेत्र के भीटी ओवरब्रिज के आगे मऊ सेल्फी प्वाइंट के पास पिकअप ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे कानूनगो और सवार किशोर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतक कानूनगो घटना के समय एक वैवाहिक कार्यक्रम से शिरकत कर वापस घर लौट रहे थे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक की पहचान कोपागंज थाना क्षेत्र के लैरोदोनवार गांव निवासी खेदारू यादव के रूप में हुई। वह मधुबन तहसील में कानूनगो के पद पर तैनात थे। वह शहर कोतवाली क्षेत्र के सहादतपुरा स्थित मछली मंडी के पास घर बनाकर रहते थे। बुधवार की देर



शाम खेदारू यादव बलिया मोड़ स्थित एक पैलेसे में आयोजित एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निकला थे। इस दौरान खेदारू ने घर में रहने वाले बलिया जिले के ताड़ीबड़ा गांव निवासी शिवराज (12) पुत्र संजय विश्वास को लेकर वैवाहिक कार्यक्रम में अपने साथ लेकर गए। देर रात करीब दस बजे दोनों कार्यक्रम से वापस अपने घर आ रहे थे। दौरान वैवाहिक कार्यक्रम से महज 100 मीटर की दूरी पर मऊ सेल्फी प्वाइंट के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रहे बेकाबू पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे खेदारू और शिवराज बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान पहले खेदारू यादव ने दम तोड़ा तो वहीं किशोर शिवराज की भी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। उधर, हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

# सिलेंडर ब्लास्ट होने से मकान जमींदोज, मंदिर क्षतिग्रस्त



**केटी न्यूज/चंदौली**

सदर कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव स्थित गायत्री मंदिर से सटे कमरे में गुरुवार की सुबह अचानक सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। इसके चलते पक्का मकान जमींदोज हो गया. वहीं, गायत्री मंदिर का भी एक बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। सुबह टहलने के लिए निकले ग्रामीण मंदिर का हिस्सा क्षतिग्रस्त देख आक्रोशित हो गए। बता दें कि मंदिर के खाली कमरें में हार्वेस्टर संचालक रहते हैं. ऐसी आशंका है कि उनके द्वारा रखा गया सिलेंडर ब्लास्ट होने से घटना हुई है।ग्रामीणों ने बताया कि सुल्तानपुर गांव के बाहर गायत्री मंदिर स्थित है। इस मंदिर के सटा एक खाली कमरा भी था, जिसमें पंजाब से आए कुछ हार्वेस्टर बनाने वाले मैकेनिक और चालक रहते थे। लोग इस कमरे में खाने के लिए भोजन भी बनाते हैं, लेकिन देर रात को अचानक सिलेंडर के ब्लास्ट होने से खाली कमरा और मंदिर का हिस्सा जमींदोज हो गया।हालांकि मौके पर कोई हार्वेस्टर ऑपरेटर नहीं था।सुल्तानपुर गांव निवासी संपूर्णानंद पांडेय ने बताया कि खाली कमरे में पंजाब से आये सिख लोग रहते थे,जो कमरे में रहने के साथ खाना भी बनाते थे, लेकिन सिलेंडर ब्लास्ट के बाद से सभी लोग मौके से गायब हैं, जबकि मंदिर का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होने से लोगों में आक्रोश फैला फैल गया। उन्होंने बताया कि मंदिर में पूजा पाठ के साथ गांव के लोग भजन, कीर्तन करते थे। ऐसे में आस्थावानों को गहरा ठेस लगा है। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। कोतवाल गगन राज सिंह ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली है कि गायत्री मंदिर से सटे कमरे में विस्फोट होने की क्षतिग्रस्त हो गया।

# ट्रेनों में चेकिंग, बेटिकट 101 यात्रियों से मजिस्ट्रेट ने वसूला 60 हजार का जुर्माना

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

जनपद के दिलदारनगर रेलवे स्टेशन पर रेलवे मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में वृहद चेकिंग अभियान चलाया गया। रेलवे स्टेशन पर ठहरने वाली सभी मेल ट्रेन, पैसेंजर ट्रेन व एक्सप्रेस ट्रेनों का विधिवत फोर्स के साथ चेकिंग किया गया। चेकिंग के दौरान बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्रियों तथा ट्रेन कंपार्टमेंट के अंदर धुम्रपान कर रहे लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। इसके साथ-साथ रेलवे अधिनियम के तहत रेल पटरी को पार करते हुए पाए जाने वाले को भी नहीं बख्शा गया। ट्रेन में सफर कर रहे लोगों को महिला कोच में पाए जाने पर एवं ट्रेन कंपार्टमेंट के दरवाजे के पास खड़े होने वाले को भी पकड़ा गया। इस तरह कुल 101 यात्रियों को रेलवे अधिनियम की धारा के तहत उल्लंघन करने वालों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार यात्रियों को रेल मजिस्ट्रेट के सम्मुख पेश कर 60हजार जुमार्ना भी वसूला



गया तब रिहा किया गया। इस अभियान में चेकिंग टीम में आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक बाल गंगाधर व जीआरपी प्रभारी रविंद्र मिश्रा,उप निरीक्षक नवीन कुमार एवं राजीव कुमार सहित चेकिंग टीम में लोग शामिल रहे। इस दौरान यात्रियों तथा स्टेशन पर लगे दुकानदारों में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह से लगातार चेकिंग चलता रहा। बेटिकट चलना लोग भूल जाएंगे।

# ओवरलोड वाहनों के चलते सैकड़ों गांवों को जोड़ने वाला पैटून ब्रिज क्षतिग्रस्त

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

जनपद के रेवतीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर गंगा नदी पर स्थित दो तहसीलों मुहम्दाबाद व सेवराईं के सैकड़ों गांवों को जोड़ने वाला पैटून ब्रिज का एक पीपापुल ओवरलोड वाहनों के चलते गुरुवार की रात क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद इस पुल का एक हिस्सा धंस गया और आवागमन ठप हो गया है। इसकी सूचना मिलते ही लोनिवि में हड़कंप मच गया। बावजूद महकमें के उदासीनता के कारण लोग जान जोखिम में डाल वाहनों के साथ आवाजाही कर रहे है। यह कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता था। मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में पहुंचते ही महकमें का कान खड़ा हो गया। इसके बाद नए पीपा लगाने का काम बृहस्पतिवार की सुबह से शुरू हो गया, जो मरम्मत पूरा होने तक अगले दो दिनों तक यह पीपापुल सभी



तरह के वाहनों सहित पैदल राहगीरों के लिए पूर्णतया बंद रहेगा। लोगों ने मांग किया कि इस पुल की जल्द मरम्मत शुरू किया जाए, ताकि राहगीरों को किसी तरह की दिक्कतों का सामना न करना पडे। लोगों ने कहा कि यही नहीं इस पीपापुल से ओवरलोड वाहनों के होने वाले संचालन पर पूरी सख्ती से रोक लगाई जाए। ताकि भविष्य में कभी भी इस तरह के हादसे की नौबत न आने पाए। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि जिस तरह से इस पीपापुल को लेकर उदासीनता बरती जा रही है। निश्चित ही भविष्य में संभावित होने की पूरी संभावना है। ग्रामीणों ने बताया कि गंगा नदी पर स्थित यह पीपापुल आए दिन किसी न किसी कारण से बंद रहने से इसका लाभ आम जनता को नहीं मिल पा रहा है।

**पूरे प्रदेश में आधार सीडिंग में मऊ जनपद पांचवें स्थान पर**

# मजदूरों को श्रम विभाग में पंजीकरण करा दिलायें लाभ : डीएम

**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में मनरेगा कार्यों, गोवंश संरक्षण योजना, पंचायती राज विभाग के कार्यों, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। मनरेगा कार्यो की समीक्षा के दौरान डीसी मनरेगा ने बताया कि मानव दिवस सृजन के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 103 प्रतिशत की प्राप्ति हुई है। आधार सीडिंग में जनपद का स्थान पांचवां है। जो कुल मजदूरों का 94.5 प्रतिशत है। इसके अलावा समय से भुगतान में जनपद का प्रदेश में प्रथम



स्थान है, जो 99 प्रतिशत से ऊपर है। जनपद में अमृत सरोवर के निर्माण हेतु चिन्हित 309 स्थलों के सापेक्ष अभी 7 अमृत सरोवर का निर्माण कार्य पूर्ण न होने पर डीएम ने यथाशीघ्र समस्त चिन्हित स्थलों पर निर्माण कार्य पूर्ण करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने मनरेगा के तहत कार्यरत मजदूरों के पंजीकरण हेतु अभियान चलाकर श्रम विभाग में पंजीकृत करने का निर्देश दिया। जिससे उन्हें सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिल सके। पीएम योजना आवास योजना में बेहतर परिणाम पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में भी अपेक्षित प्रगति लाने को कहा। गोवंश संरक्षण योजना की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारी ने बताया कि नवंबर माह से चलाए जा रहे अभियान के दौरान निर्धारित लक्ष्य 1500 के सापेक्ष 1484 गोवंश संरक्षित किए गए तथा सहभागिता योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य 591 के सापेक्ष 564 गोवंशों को अब तक सुपुर्द किया गया। डीएम ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को विशेष प्रयास कर सहभागिता योजना के तहत पशुओं की सुपुर्दगी में वृद्धि करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक गौशाला स्थल में हरे चारे की पर्याप्त व्यवस्था करने तथा नेपियर घास के उत्पादन हेतु जमीन की उपलब्धता के लिए संबंधित उप जिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर नेपियर घास का उत्पादन करने का निर्देश दिया। इसके अलावा डीएम ने समस्त गो आश्रय स्थलों पर केयर टेकरों की नियुक्ति भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पंचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान डीएम ने व्यक्तिगत शौचालय में अवशेष किस्तों का शीघ्र भुगतान करने निर्देश दिया।




